

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## प्रथम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–04 वृहस्पतिवार, 04 दिसम्बर, 2025 ई०।

माननीय अध्यक्ष, श्री प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:06 बजे अपराह्न तक।**

**1) उपाध्यक्ष का निर्वाचन :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष पद के लिए कुल 04 (चार) प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो सभी श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स०वि०स० के पक्ष में है। इन सभी प्रस्तावों में सर्वप्रथम प्राप्त प्रस्ताव को सदन में पेश करने हेतु श्री सम्राट चौधरी, स०वि०स०, प्रस्तावक सदस्य को अनुमति दी गई, जिसका अनुमोदन श्री विजय कुमार चौधरी स०वि०स० द्वारा किया गया।

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव किया कि श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स०वि०स०, बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष चुने जायें। प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स०वि०स० को बिहार विधान सभा का उपाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गई।

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा नवनिर्वाचित माननीय उपाध्यक्ष महोदय को अपनी तथा सदन की ओर से बधाई दिया गया।

**2) माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद एवं सरकार का उत्तर :–**

श्री राणा रणधीर स०वि०स० द्वारा सदन में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा श्री राम विलास कामत, स०वि०स० द्वारा इसका अनुमोदन किया गया।

तत्पश्चात् आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर श्री राणा रणधीर, स०वि०स० द्वारा उपस्थापित किए जाने वाले धन्यवाद प्रस्ताव पर श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, स०वि०स०, नेता विरोधी दल एवं श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स० द्वारा संशोधन प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार ने सदन में विस्तार से राज्य में हो रहे विकास कार्यों के संबंध में अपना मंतव्य रखा।

तदुपरांत आसन द्वारा संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु माननीय नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम पुकारा गया परन्तु माननीय नेता विरोधी दल के सदन में उपस्थित नहीं होने के कारण संशोधन प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत नहीं हुआ।

तत्पश्चात माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

i. श्री कुमार सर्वजीत, स०वि०स०
ii. श्री राणा रणधीर, स०वि०स०
iii. श्री मनोहर प्रसाद सिंह, स०वि०स०
iv. श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०

आसन द्वारा श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स० द्वारा प्रस्तावित संशोधन को पढ़ा हुआ माने जाने की घोषणा की गई।

v. श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय उप मुख्यमंत्री
vi. श्री राजू तिवारी, स०वि०स०
vii. श्री संदीप सौरभ, स०वि०स०
viii. श्री अजय कुमार, स०वि०स०
ix. श्री माधव आनंद, स०वि०स०
x. श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री, बिहार सरकार
xi. श्री सतीश कुमार सिंह यादव, स०वि०स०
xii. श्री इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता, स०वि०स०
xiii. श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०

तत्पश्चात माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री सम्राट चौधरी द्वारा सरकार की तरफ से उत्तर दिया गया।

इस दौरान आसन द्वारा सदन की सहमति से आज के लिए निर्धारित कार्य पूरे होने तक सदन की अवधि को विस्तारित करने की घोषणा की गयी।

तदुपरांत श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स० का संशोधन प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य श्री राणा रणधीर द्वारा प्रस्तुत मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

आसन से घोषणा हुई की माननीय सदस्यगण इस अभिभाषण के लिए माननीय राज्यपाल के कृतज्ञ हैं।

तत्पश्चात सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक–05.12.2025 के 11:00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–04.12.2025

डॉ० ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।